प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

18 मई 2022

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठक की

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 17 और 18 मई 2022 को चुनिंदा सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ के साथ बैठक की। बैठक में आरबीआई के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उप गवर्नर श्री एम. के. जैन और श्री एम. राजेश्वर राव भी शामिल थे।

अपनी परिचयात्मक वक्तव्य में, गवर्नर ने महामारी के दौरान अर्थव्यवस्था के समर्थन में बैंकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने आगे कहा कि बैंकिंग क्षेत्र आघात-सह बना हुआ है और विभिन्न बाधाओं का सामना करने के बावजूद सुधार जारी हैं। उन्होंने बैंकों को सूचित किया कि वे हाल के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति सतर्क रहें और उनके तुलन पत्र पर इसके संभावित प्रभाव को कम करना सुनिश्चित करने के लिए पूंजी जुटाने सहित सक्रिय रूप से न्यूनीकरण उपाय करें। गवर्नर ने बैंकों से अपनी शिकायत निवारण प्रणाली में और सुधार करने पर विशेष ध्यान देने और आर्थिक गतिविधियों में अविरत बहाली में आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखने का भी आग्रह किया।

अन्य बातों के अलावा, बैंकों में ऋण उठाव, परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दृष्टिकोण, संग्रह दक्षता, उपभोक्ता शिकायत निवारण, डिजिटल बैंकिंग इकाइयों की स्थापना, आईटी अवसंरचना की आघात सहनीयता और साइबर सुरक्षा आदि से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/228